भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1233
सोमवार, 25 जुलाई, 2022/03 श्रावण, 1944 (शक)

बेरोजगारी का आंकड़ा

1233. कुंवर दानिश अली:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार बेरोजगारी से संबंधित राज्य-वार आंकड़े संकलित करती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश सहित देश में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कितने व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया गया है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) एवं (ग): वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से रोजगार और बेरोजगारी पर आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। सर्वेक्षण की अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक है। वर्ष 2020-21 की उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2020-21 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के युवाओं की बेरोजगारी दर (यूआर) अनुबंध में दी गई है।

15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान रोजगार को दर्शाता अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) निम्न प्रकार से है:

कामगार जनसंख्या अनुपात (% में)		
वर्ष	अखिल भारत	उत्तर प्रदेश
2018-19	47.3	40.8
2019-20	50.9	45.1
2020-21	52.6	48.0

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

*****

अनुबंध

लोक सभा के दिनांक 25.07.2022 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1233 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

2020-21 के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर (यूआर) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार	बेरोजगारी दर (% में)
आंध्र प्रदेश	4.1
अरुणाचल प्रदेश	5.7
असम	4.1
बिहार	4.6
छत्तीसगढ	2.5
दिल्ली	6.3
गोवा	10.5
गुजरात	2.2
हरियाणा	6.3
हिमाचल प्रदेश	3.3
झारखंड	3.1
कर्नाटक	2.7
केरल	10.1
मध्य प्रदेश	1.9
महाराष्ट्र	3.7
मणिपुर	5.6
मेघालय	1.7
मिजोरम	3.5
नागालैंड	19.2
ओड़िशा	5.3
पंजाब	6.2
राजस्थान	4.7
सिक्किम	1.1
तमिलनाडु	5.2
तेलंगाना	4.9
त्रिपुरा	3.2
उत्तराखंड	6.9
उत्तर प्रदेश	4.2
पश्चिम बंगाल	3.5
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	9.1
चंडीगढ़	7.1
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	4.2
जम्मू और कश्मीर	5.9
लद्दाख	2.9
लक्षद्वीप	13.4
पुडुचेरी	6.7
अखिल भारत	**4.2**

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई